न्यूज डायरी

खिलाड़ियों को सम्मानित करते रालोद पदाधिकारी। फोटो : आयोजक

रालोद खेल प्रकोष्ठ ने शूटरों को किया सम्मानित

बिजनौर। राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की ओर से बृहस्पतिवार को शूटिंग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप व जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, टीम अरएलडी के जिला संयोजक संजीव चौधरी खेल प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि कार्यक्रम में 45वीं नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता देहरादून के खिलाड़ियों, नेशनल के लिए चयनित खिलाड़ियों को सम्मानित किया। संवाद

दिल्ली स्टेट किड्स एथलीट प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने वाले बिजनौर के खिलाड़ियों को सम्मानित करतीं डीएम। फोटो : स्वयं

किड्स एथलीट में बिजनौर के बच्चों ने दिखाया दम

जलीलपुर। दिल्ली स्टेट किड्स एथलीट प्रतियोगिता में बिजनौर के नन्हे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। जलीलपुर क्षेत्र के आंचल पुत्र जहीर मंसूरी ने अंडर-10 आयु वर्ग की 60 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक के विनोई ने सम्मानित किया। कोच संदीप चौधरी ने बताया कि जलीलपुर क्षेत्र के आंचल पुत्र जहीर मंसूरी ने अंडर-10 आयु वर्ग की 60 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्राम नारायणपुर, नहटौर निवासी अदित्य चौधरी पुत्र प्रदीप कुमार ने अंडर-12 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं ग्राम लालपुर मान, नगला सोती निवासी विराट देशवाल पुत्र नितुल कुमार ने अंडर-8 आयु वर्ग में 40 मीटर दौड़ में प्रथम और शॉर्ट थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संवाद

यूपी टीम उपविजेता, आतिफ प्लेयर ऑफ द मैच

धामपुर। धामपुर के सोमेश्वर महाविद्यालय अहेरा में आयोजित साइन-ए-साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता रही। धामपुर निवासी आतिफ असलम को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। चार से छह सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम में बिजनौर जनपद के विभिन्न विद्यालयों से चयनित खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। बारिश के कारण मैदान में पानी भर जाने से मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिये हुआ। इसमें कर्नाटक की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया, जबकि उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता रही। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए धामपुर निवासी आतिफ असलम को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। वहीं बिजनौर के गोलकीपर आयुष प्रताप सिंह को बेस्ट गोलकीपर और अरीब को बेस्ट मिडफील्डर चुना गया। प्रदेश की टीम में धामपुर के तीन खिलाड़ियों आतिफ असलम, साद्दम और फरहान ने प्रतिभाग कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। संवाद



आतिफ असलम

संशोधित अंक ग्रेड कार्ड पर उपलब्ध

बिजनौर। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की ओर से एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। नितुल्क उत्तर पुस्तिका देखने के लिए आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पुनर्मूल्यांकन के बाद जिन छात्रों के अंकों में संशोधन हुआ है। उनके संशोधित अंक 9 सितंबर 2026 से ग्रेड कार्ड पर प्रदर्शित किए गए हैं। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के रजिस्ट्रार ने बताया कि विश्वविद्यालय ने सभी संबंधित छात्र-छात्राओं को अपना ग्रेड कार्ड दोबारा डाउनलोड करने के निर्देश दिए हैं। छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्रेड कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके बाद उसमें प्रदर्शित संशोधित अंकों का अवलोकन कर लें। संवाद



रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित शिक्षकों के साथ एसपी केके बिश्नोई व डा. मनोज वर्मा। फोटो : आयोजक

शिक्षकों और मेधावियों को सम्मानित किया

स्योहारा। शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण की ओर से ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित एम्बिएंस बैंक्वेट हॉल में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों और समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसपी केके बिश्नोई ने कहा कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां होती है। इसके बाद उसके व्यक्तित्व और भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। शिक्षक विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, जिम्मेदारी और जीवन में सही दिशा चुनने की सीख देते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए डॉ. राजवत वर्मा, स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य के लिए अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल तथा सेवाओं के लिए वैप्टन धीरज शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष कविता प्रसाद गुप्ता ने अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और रोटेरियन सदस्यों का आभार व्यक्त किया। समारोह में डॉ. मनोज वर्मा, हरीओम सिंह, रोहित जैन, ऋषभ जैन, आकाश जैन, अंकित खत्री, संजय जैन, सुरेंद्र सिंह डर्क राजू अरोड़ा, मुकेश मिश्लानी, आलोक अग्रवाल, भूपेंद्र मिश्लानी, रमाकांत विश्वास, वैप्टन चुन्नू चौधरी, अरविंद सिंह कादर, प्रदीप दुबे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संवाद

शतरंज में लगातार दूसरी बार प्रदेश चैंपियन बना बिजनौर

कशिश, मिताली, अर्चना और लावण्या ने नेशनल के लिए किया क्वालीफाई

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

बिजनौर। प्रदेश स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बिजनौर की बेटियों ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी। अलीगढ़ के धर्म समाज इंटर कॉलेज में 8 से 11 सितंबर तक 70 वीं प्रदेश स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता हुई है।

इसमें मुरादाबाद मंडल की अंडर-14 बालिका टीम के तौर पर बिजनौर जिले की टीम ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसमें में टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरे वर्ष प्रदेश चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। खास बात यह रही कि प्रदेश चैंपियन बनने के साथ ही टीम की चारों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम में जनाहर इंटर कॉलेज रसूलपुर नंगला की कशिश, कैंपोजिट स्कूल सकतलपुर मिलक की मिताली और अर्चना तथा खालसा इंटर कॉलेज नूरपुर की लावण्या शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। टीम ने सफलता का श्रेय कोच मनोज कुमार, ऋतुराज सिंह और टीम प्रबंधक मनोज कुमार के मार्गदर्शन को दिया।

बिजनौर में प्रदेश स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। फोटो : जोए

गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर में लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो : कॉलेज

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भूमिका को प्रथम स्थान

चांदपुर। गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अर्थशास्त्र, समसामयिक घटनाओं और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रथम सेमेस्टर की भूमिका कुमारी ने प्रथम, दीपशिखा ने द्वितीय तथा तृतीय सेमेस्टर की अलीशा परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम सेमेस्टर की निधि नामदेव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रोफेसर अशोक कुमार ने कहा कि महाविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. संतोष देवी ने कहा कि अर्थशास्त्र केवल शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि दैनिक जीवन, समाज और देश की अर्थव्यवस्था को समझने का आधार है। महाविद्यालय प्रो. अरविंद कुमार ने विद्यार्थियों से जीत-हार की चिंता किए बिना प्रतियोगिताओं में भाग लेने और सीखने की ललक बनाए रखने का आह्वान किया। संवाद

युशा ने सीनियर पीएसए सैटेलाइट खिताब जीता, बहन फबिहा बनीं अंडर-17 चैंपियन

संवाद न्यूज एजेंसी

धामपुर। दिल्ली में 24 अगस्त से आयोजित स्क्वैश स्ट्रीम ओपन 2026 में धामपुर के भाई-बहन युशा नफीस और फबिहा नफीस ने शानदार प्रदर्शन किया। युशा ने जूनियर खिलाड़ी होने के बावजूद सीनियर वर्ग का पीएसए सैटेलाइट खिताब जीत इतिहास रच दिया जबकि फबिहा ने अंडर-17 गर्ल्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

पुरुष वर्ग के फाइनल में युशा नफीस का सामना गुरवीर सिंह से हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में युशा ने गुरवीर को 3-2 से हरा पीएसए सैटेलाइट चैंपियनशिप हासिल की। स्क्वैश में पीएसए सैटेलाइट प्रतिष्ठित खिताब माना जाता है। फाइनल में युशा ने पहला गेम 11-8 से जीता। दूसरा 10-12 से गंवाया। तीसरा 11-4 से अपने नाम किया। चौथे गेम में 7-11 से हार के बाद निर्णायक पांचवें गेम में युशा ने शानदार वापसी कर 11-5 से जीत दर्ज की।

युशा की बहन फबिहा नफीस ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अंडर-17 गर्ल्स वर्ग की जीत अपने नाम दर्ज की। सेमीफाइनल में फबिहा ने अन्या सूद को 3-1 से हरा फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले में फबिहा ने 11-7 से पहला गेम जीता, दूसरा 7-11 से गंवाया। लेकिन तीसरे गेम में 13-11 की रोमांचक जीत दर्ज कर चौथा गेम 11-1 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में फबिहा का मुकाबला काशवी मंगल से हुआ। फबिहा ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर मुकाबला 3-1 से जीत लिया। उन्होंने पहला गेम 11-5 से जीता, दूसरा 5-11 से गंवाया। लेकिन इसके बाद लगातार दो गेम 11-9 और 11-4 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

एक ही प्रतियोगिता में भाई युशा नफीस का सीनियर पीएसए सैटेलाइट चैंपियन बनना और बहन फबिहा नफीस का अंडर-17 चैंपियन बनना धामपुर के लिए गौरव की बात है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर परिवार, प्रशिक्षकों और धामपुर के खेल प्रेमियों ने खुशी जता बधाई दी।



युशा नफीस

फबिहा नफीस

EDUCATION HUB

COLLEGE CODE-1545/1392

8449882385
7818807081
7818811254

S.S.D. COLLEGE

APPROVED AND AFFILIATED BY UPSMF/PCI/UPBTE

G.N.M सीधे प्रवेश
FEES 75000/- प्रति वर्ष

डी.फार्मा (कम्पलीट फीस केवल 45000/-)

नजीबाबाद-ओगीरमपुरी रोड,
गढ़मलपुर रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज के सामने,
नजीबाबाद

कार्यालय नगर पंचायत ऊन, जनपद- शामली

पत्रांक: 275/नपंऊन/2026-27 दिनांक: 09.09.2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत ऊन जनपद–शामली के समस्त पंजीकृत/नवीनीकृत फर्मों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराने हेतु दिनांक– 19.09.2026 की सायं 3 बजे तक ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है निविदा मूल्य (जी०एस०टी०) सम्मिलित करते हुए का ड्राफ्ट अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊन (शामली) के पक्ष में जारी करते हुए निविदा के साथ संलग्न करते हुए दिनांक– 19.09.2026 की सायं 3:00 बजे तक कार्यालय में रखे सील बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त सभी ई–निविदाओं को दिनांक 21.09.2026 प्रातः 11:00 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष नगर पंचायत ऊन के समक्ष गठित कमेटी के सदस्य द्वारा खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टैन्डर प्रपत्र शर्तों आदि की जानकारी उ0प्र0 की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। ई–निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी।

(देवकीनन्दन)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ऊन
जनपद–शामली

(प्रदीप चौधरी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत ऊन
जनपद – शामली

कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

पत्रांक: 322/चार-सा.नि.शि../2026-27 दिनांक: 09.09.2026

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

नगर निगम, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित निविदा में समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / अनुबंधी फर्मों से उनकी श्रेणी के अनुसार **11 कार्यों** की नेशनल कंक्रीट एयर प्रोग्राम योजना के अन्तर्गत ई-निविदा के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। शासनादेश सं. 3890/नौ-5-149सा/2019, नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ, दिनांक 20 सितम्बर 20.09.2019 के क्रम में उक्त निविदा में नगर निगम, गोरखपुर में अपंजीकृत ठेकेदार भी प्रतिभाग कर सकते है। सर्वप्रथम निविदादाता होने पर सम्बन्धित ठेकेदार को नगर निगम, गोरखपुर में पंजीकरण की आवश्यक पूर्ण कराकर नगर निगम, गोरखपुर में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण की आवश्यक सम्बन्धी विवरण / आवश्यक प्रपत्र की सूचना किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के निर्माण विभाग में देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-पब्लिशरेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट http://gorakhpumagarnigam.up.gov.in/ पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं. 4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 उ.प्र. शासन, लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क +जी.एस.टी. एवं धरोहर धनराशि पृथक-पृथक ऑन लाईन/NEFT/RTGS के माध्यम से नगर निगम कोष में नगर निगम, गोरखपुर के खाता सं. 024352300000011 (IFSC Code: YESB0000243) YES Bank, शास्त्री-पार्क रोड, गोरखपुर में जमा किया जाना अनिवार्य होगा, जिसकी स्कैन कापी ई-टेन्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है:-

निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि एवं समय

क्र.सं.	विवरण	दिनांक एवं समय
1	ई-निविदा डाउनलोड/प्रारम्भ की तिथि	17.09.2026
2	ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/ समय	02.10.2026 @ 05:00 PM
3	ई-निविदा खोले जाने की तिथि/ समय	03.10.2026 @ 11:00 AM

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम, गोरखपुर के वेबसाइट http://gorakhpumagarnigam.up.gov.in/ पर व ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है साथ ही नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, गोरखपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:- 1158/नि०वि० / सा०प्र० / 2026-27 दिनांक :- 09/09/2026

ऑफलाईन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत / वर्ष 2026-27 में नवीनीकृत / किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 11 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 29/09/26 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऑफलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09/09/26 की प्रातः 10:00 से दिनांक 29/09/26 की अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 29/09/26 की सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। कार्य सीवरेज एवं जल निकासी योजना की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)	अधिशासी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद	नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर	मुजफ्फरनगर	मुजफ्फरनगर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुल्तानपुर

क्रमांक: 1152 दिनांक :- 02.09.2026

निविदा सूचना संख्या 36/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पक्के एवं सड़क निर्माण कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत फर्मों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संस्थायें / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एण्ड टार संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत फर्मों, जो कि राजस्थान सरकार के एस, ए, बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 22.09.2026 को 04:00 बजे तक।

S.No.	UBN No.
1	PWD2627WS08011537
2	PWD2627WS08011538
3	PWD2627WS08011539

DIPR/C/15712/2026

अधिशासी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सुल्तानपुर

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0

अधिशासी अभियंता, विद्युत पारेषण खण्ड, मेरठ

पत्रांक:1543 दिनांक-10.09.2026

क्रय विक्रय हेतु ई-नीलामी के लिए बोलियां आमंत्रित करता है : 220 के0वी0 मोदीपुरम जिला - मेरठ (उ0प्र0)

ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि:- 11.09.2026

- ई-ऑक्शन वर्तमान दशा (As is where is) के आधार पर M/s M.S.T.C. के माध्यम से किया जाएगा।
- ई-ऑक्शन विवरण:- MSTC / LKO / UTTAR PRADESH POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED/1/MEERUT/26-27/29041
- लॉट विवरण- 01 No. Vehicle (Coles make Crane)
- नीलामी सूची तथा अन्य नियम व शर्तें www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
- नीलामी से सम्बन्धित जानकारी और संशोधन (यदि कोई हो तो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।
- सम्बन्धित अधिकारियों की संपर्क सूचना:- eeetdmrt@upptcl.org मोबाईल नं0- 9412749809

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वैबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अंतेतर समस्त सूचनाएं वैबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

...भरोसे का प्रतीक! ...the name you can BANK upon!

नीलामी सूचना
E-Auction के द्वारा

मण्डल कार्यालयः एआरएमबी, बंसत विहार कॉलोनी निकट तहसील कार्यालय, बैराज रोड, बिजनौर (उ0प्र0)- 246701, ईमेल- cs8204@pnb.co.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत बैंक के प्रभार में दी गई चल एवं अचल सम्पत्तियों का विक्रय अधोहस्ताक्षरकर्ता ने पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन आधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का अधिपत्य ग्रहण कर लिया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत बैंक के देय की वसूली के लिए निम्नलिखित मामलों में बैंक के प्रभार में दी गई अधोलिखित सम्पतितयों की जहां भी है और जैसा भी है स्थिति में है– नीलामी की जाएगी।

क्र0 सं0	शाखा/ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/मालिक का नाम (संपत्ति के बंधक)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस की तारीख बी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस के अनुसार बकाया रकम सी) 31.08.2026 तक मौजूदा बकाया रकम डी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तारीख ई) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक कब्जा	(ए) रिर्जव मूल्य (लाख में) (बी) ईएमडी (सी) बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की तिथि/समय	बैंक को ज्ञात लेनदारों के प्रभार का विवरण
1	**शाखा एआरएमबी, बिजनौर** स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव पुत्र श्री दाता राम यादव, अपने कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती जगरोशनी यादव पत्नी स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, श्री सनी यादव पुत्र स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, श्रीमती सोनाली यादव पुत्री स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव, श्रीमती साक्षी यादव पुत्री स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव (स्वर्गीय श्री अनिल कुमार यादव के कानूनी उत्तराधिकारी) तथा श्री कुलदीप गुप्ता पुत्र श्री दया राम गुप्ता **(गारंटर)।**	बंधक आवासीय संपत्ति के भूतल + प्रथम तल, स्थित खसरा संख्या 107, जो चकबंदी से पूर्व 157 मि, प्लॉट संख्या 28-ए, मोहल्ला जबतागंज-I, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, पूर्व में मौजा-इब्राहिमपुर राजू, परगना एवं तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर (उ.प्र.) के नाम से जाना जाता था। कुल क्षेत्रफल 82.66 वर्ग मीटर है, जो श्री अनिल कुमार यादव पुत्र श्री दाता राम गुप्ता के नाम में है। यह बही संख्या 1, जिल्द संख्या 4049, पृष्ठ संख्या 59-86, क्रमांक संख्या 3078, दिनांक 16.03.2009 में पंजीकृत है। विक्रय विलेख के अनुसार प्रथम भाग की सीमाएं:- पूर्वः संपत्ति का द्वितीय भाग, पश्चिमः विक्रेता की अन्य भूमि, उत्तरः आराजी अन्य, दक्षिणः विक्रेता की भूमि। विक्रय विलेख के अनुसार द्वितीय भाग की सीमाएं: पूर्वः विक्रेता की अन्य भूमि, पश्चिमः संपत्ति का प्रथम भाग, उत्तरः आराजी अन्य, दक्षिणः 20 फीट चौड़ा रास्ता।	(ए) 26.04.2023 (बी) रू0 38,02,940.73 + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 01.04.2023 (सी) रू0 47,27,611.86 + अन्य खर्चे + प्रभावी ब्याज दिनांक 01.09.2025 (डी) 04.07.2023 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 23,05,000/- रू0 2,30,500/- रू0 1,00,000/-	**28.09.2026** सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं
2	**शाखा एआरएमबी, बिजनौर** मैसर्स कल्याण ट्रेडर्स **(ऋणी फर्म),** श्री भीम सिंह पुत्र श्री राम औतार सिंह **(प्रोपराइटर/उधारकर्ता)**, श्री राम औतार सिंह पुत्र श्री शिव दास सिंह **(गारंटर/बंधककर्ता)**।	बंधक सम्पत्ति स्थित ग्राम राजपुर, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर (श्री राम औतार सिंह पुत्र श्री शिव दास सिंह के नाम पर), कुल क्षेत्रफल 282.40 वर्ग मीटर। उक्त संपत्ति बही संख्या 01, जिल्द संख्या 9735, पृष्ठ संख्या 375 से 396, क्रमांक संख्या 24313, दिनांक 17.12.2015 को उप-पंजीयक कार्यालय धामपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.) में दर्ज है। सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्वः क्रेता की आराजी, पश्चिमः सुरेन्द्र सिंह का प्लॉट, उत्तरः राजपाल सिंह का मकान, दक्षिणः 11 फीट चौड़ा रास्ता, तत्पश्चात ज्ञानेन्द्र सिंह का मकान।	(ए) 22.03.2022 (बी) रू0 25,39,464.38 + ब्याज और अन्य खर्चे दिनांक 01.02.2022 (सी) रू0 24,52,318.38 + अन्य खर्चे + प्रभावी ब्याज दिनांक 31.12.2025 (डी) 01.06.2023 (ई) सांकेतिक कब्जा	रू0 34,85,000/- रू0 3,48,500/- रू0 1,00,000/-	**28.09.2026** सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक	ज्ञात नहीं

ई-नीलामी '' जहाँ है जैसी भी है'' स्थिति में की जाएगी और यह ई-नीलामी ऑनलाइन की जाएगी; ई-नीलामी बैंक द्वारा वेब पोर्टल **https://baanknet.com, support.baanknet@psballiance.com.** के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाईन ई-नीलामी बोली प्रलेख, घोषणा और ऑनलाइननीलामी विक्रय के सामान्य नियसम व शर्तों से सम्बन्धित ई-नीलामी टेंडर प्रलेख **https://baanknet.com, support.baanknet@psballiance.com.** पर उपलब्ध है। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार उक्त सम्पत्तियसों पर कोई प्रभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीकर्ता ई-नीलामी में बेची जाने वाली सम्पत्तियों पर किसी भी तरह के प्रभार, उनके स्वामित्व एवं सम्पत्तियों को प्रभावित करने वाले उन पर देय दावों/अधिकार/बकाया राशि के विषय में अपनी स्वत्रंत पुछताछ कर के स्वयं सतंष्ट हो लें। यह ई-नीलामी का विज्ञानल न तो बैंक की कोई प्रतिबद्धता है और न तो कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व मानी जाएगी, उक्त सम्पत्ति उस पर बैंक के सभी वर्तमान प्रभावी प्रभार, चाहे वो बैंक को ज्ञात हो या अज्ञात के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी /सुरक्षित ऋणदाता किसी भी प्रकार के दावों/अधिकार/बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगें। यह विक्रय वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियम/शर्तो के अधीन होगें।
ई-नीलामी के अन्य नियम एवं शर्ते वेबसाइट **https://baanknet.com, support.baanknet@psballiance.com.** पर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए ऑफिस मुरादाबाद से **सम्पर्क करें– श्री अभिनव कुमार, मो0 नं0 9873100792 एवं श्री शौकीन, मो0 नं0 9897342327** सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना है। ऋणकर्ता/गारन्टरों को अधिसूचित किया जाता है कि वह ई-नीलामी की तिथि से पूर्व अपडेट ब्याज व सहायक खर्चों के साथ ऊपर निर्दिष्ट राशि बैंक को लौंटा दें। अन्यथा सम्पत्ति को नीलाम/बेच दिया जायेगा और शेष बकाया राशि यहिद कोई है कोब्याज व लागत के साथ वसूला जायेगा। अधिकतम बोली लगाने वाले को बोली/बिक्री राशि का 15% प्रतिशत संबंधित ईएमडी खाता सं. में जमा करना होगा, अग्रधन राशि इसी 15% में समायोजित कर ली जायेगी। यदि निर्धारित समय में 25% राशि जमा नहीं होती है, तो अग्रधन राशिजमा कर ली जायेगी तथा समपत्ति पुनः बेची जायेगी। सफल प्रतिभागी को शेष 75% राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि निर्धारित समय पर 75% राशि जमा नहीं होती है तो 25% राशि भी जब्त कर ली जायेगी तथा सम्पत्ति पर प्रतिभागी का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

दिनांक: 10.09.2026 स्थान – बिजनौर प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार